हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, मार्च 27, 2024

तापमान
अधिकतम 34 .4 डिग्री
न्यूनतम 16 .4 डिग्री

12 गदौली में महिला को मतदान के लिए किया जागरूक


12 साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा


## खबर संक्षेप

### ट्रेन से पौने दो लाख के गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में सवार संध्या गुप्ता निवासी केआर पुरम बंगलुरू, कनार्टक का पर्स चोरी हो गया। संध्या अपने परिवार के साथ उज्जैन से कटरा जा रही थी। दिल्ली पहुंचने पर वह सो गई थी। पानीपत पहुंचने पर उठी तो बैग गायब मिला। पर्स में तीन हजार रुपए कैश, 70 हजार से अधिक का सैमसंग का मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठियां, ट्रेन की टिकट व अन्य सामान था।

### बिहार प्रवासी ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पसीना रोड पर किराय के कमरे में निवास कर रहे अभिषेक उर्फ प्रिंस मूल निवासी वैशाली, बिहार ने होली के दिन सुसाइड कर लिया। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अभिषेक के शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं इस मामले में आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही कर अभिषेक की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**पानीपत।** पानीपत में असंध रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ताऊ हाकम सिंह व भतीजा सुनील कुमार निवासी गांव खुखरा जिला पानीपत नीचे गिर गए। हादसे में हाकम सिंह की मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से कार सहित फरार हो गया। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद हाकम सिंह का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और कार के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली पेरलल नहर में चार डूबे, दो को बचाया, दो लापता

## पानीपत पुलिस ने नहर में दोनों की तलाश शुरू करवा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ रोहतक व सोनीपत पुलिस को मामले की जानकारी देकर सचेत किया

पानीपत में दिल्ली पेरलल नहर में चार लोग डूब गए। इनमें से दो को बचा लिया गया, जबकि दो नहर के पानी में लापता हो गए। इससे पहले चोरों ने नहर किनारे बैठ कर शराब पार्टी की थी।

पानीपत पुलिस ने नहर में दोनों की तलाश शुरू करवा दी है और रोहतक व सोनीपत पुलिस को इस मामले की जानकारी देकर सचेत कर दिया है। इधर, पुलिस को दी शिकायत में लेखराम मूल निवासी शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गोपाल कालोनी बताया कि उसके तीन पुत्र राधेश्याम, मंझला बेटा घनश्याम व सबसे छोटा बेटा श्याम सुंदर है। वहीं राधेश्याम अलग कमरे में अपने चाचा सुसर विजयवीर के साथ रहता है। वही, अगले हफ्ते सभी ने छोटे बेटे श्याम सुंदर की सगाई के लिए यूपी जाना है।

### पुलिस ने जगह जगह नहर में जाल लगवाए

उन्होंने बतया कि होली के दिन राधेश्याम नहर में नहाने गया। हालांकि वह तैरना जानता था। शायद शराब पीने की वजह वह ऊपर नहीं आ सका। उसे बचाने के लिए चाचा ससुर कूदा तो वह भी डूब गया। दोनों डूबते हुए को भीम निवासी हमीरपुर जिला फरुर्खाबाद, यूपी और रमेश कुमार बचाने उतरे तो भी डूबने लगे। अभी दोनों किनारे पर ही थे, इसलिए समय रहते वहां के स्थानीय लोगों ने इन दोनों को बचा लिया। जबकि वे दोनों बह गए। राधेश्याम एक बेटा व दो बेटियों का पिता है। जबकि विजयवीर दो बेटों और एक बेटी का पिता है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए जगह जगह नहर में जाल लगवाए है।

# बदमाशों ने शराब ठेके के कर्मी पर चाकू से हमला कर लूटी नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

गांव खरकाली में एक ठेके पर कार्यरत कर्मचारी को बदमाशों ने चाकू से घायल कर हजारों रुपये की नकदी लूट ली। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे गांव खरकाली स्थित ठेके पर बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति पहुंचे और ठेके से ही बीयर लेकर बाहर पीने के लिए बैठ गए। कुछ ही मिनट के बाद जैसे ही ठेके पर कार्यरत करिंदा जय सिंह लघु शंका के लिए ठेके से बाहर आया और लघुशंका करने के बाद ठेके के अंदर जाने लगा तो पीछे से दोनों युवकों ने उसे पीछे से पकड़ लिया और चाकू से उस पर हमला बोल दिया। जिससे जयसिंह बुरी तरह से घायल हो गया। इतने में दोनों हमलावर काउंटर पर रखे करीब 30 हजार रुपये की नकदी व कर्मचारी का मोबाइल लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी जाती है सूचना मिलते ही डायल 112 व मधुबन पुलिस के साथ एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गयी और जांच आरम्भ कर दी है।

### यमुनानगर: ठेके के सेल्समैन पर पिस्तौल तानकर लूटे रुपये व शराब की बोतलें

**यमुनानगर।** गांव खेड़ा बाह्मण के पास शराब के ठेके पर रात को बाइक सवार चार बदमाशों ने सेल्समैन पर पिस्टल तानकर उससे गल्ले में रखे 22 सौ रुपये व अंग्रेजी शराब की बोलतें लूट ली। पगांव मारवा कलां निवासी सोहन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव खेड़ा बाह्मण के पास शराब के ठेके में हिस्सेदार है। ठेके पर उत्तर प्रदेश के जिला अयोध्या के गांव डेमा बैस निवासी ओम प्रकाश सेल्समैन का काम करता है। 24 मार्च की रात को नो बजे ठेके पर एक बाइक पर सवार होकर चार युवक आए। उनमें से दो युवक बाइक से नीचे उतरकर आए और सेल्समैन से शराब की बोतल मांगी। उसने उनका शराब की बोतल दे दी। इस दौरान आरोपियों ने खिड़की में हाथ डालकर ठेके का दरवाजा खोल लिया और अंदर आ गए। आरोपियों ने उस पर पिस्टल तान दी और उसे मारने का भय दिखाकर गल्ले में रखे 22 सौ रुपये व शराब की दो बोलतें लूट ली। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए।

# कलवा गुर्जर ने जीती एक लाख की कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव के उपलक्ष्य में चुलकाना के राजकीय स्कूल में हर साल की तरह ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर के सहयोग से विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया। दंगल में एक लाख की पहली कुश्ती के लिए दिल्ली के हनुमान अखाड़ा के भारत केसरी पहलवान कलवा गुर्जर व हरियाणा के सोनीपत के पहलवान विकास दहिया के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें रेफरियों की अनुशंसा पर दिल्ली हनुमान अखाड़ा के पहलवान कलवा गुर्जर को कमेटी ने विजयी घोषित कर दिया। इसी तरह 51 हजार रुपये की दूसरी कुश्ती में नरू खेड़ी के नीरू पहलवान ने पंजाब के पहलवान चमकौर सिंह को पराजित कर कुश्ती जीती। तीसरी कुश्ती 31 हजार रुपये इनाम के लिए बांध गांव के पहलवान साहिल व सोनीपत के भीम पहलवान के बीच थी हार जीत का फैसला नहीं हुआ तो कुश्ती बराबरी पर छोडनी ड़ी। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं हरियाणा कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष भरत सिंह छौक्कर ने दंगल का आयोजन शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए गांव वासियों का आभार व्यक्त किया।

### राजयोगिनी कृष्णा दीदी का निधन



**अंबाला।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक आदी पिता ब्रह्मा बाबा व अन्य वरिष्ठ दादियों द्वारा प्राप्त दैवी शिक्षा एवं ज्ञान से पली ईश्वरीय यज्ञ की आदि सेवाओं की रत्न, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे देहावसान हो गया। 87 वर्ष की आयु में कृष्णा दीदी ने अंतिम सांस लेकर परमपिता शिव परमात्मा की गोद में शरण ली है। कृष्णा दीदी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए 27 मार्च की सुबह 11 बजे दयाल बाग सेंटर से आरंभ हो पन्ना कॉटेज ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र होते रामबाग में एक भव्य अंतिम यात्रा द्वारा ले जाया जाएगा।

# हरियाणा 22 साल बाद पुरुष कबड्डी चैंपियन बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



■ इंडियन रेलवे को फाइनल में हरा कर स्वर्ण पइक जीता

हरियाणा की विजेता कबड्डी टीम।

महाराष्ट्र के अहमदनगर में आयोजित 70वीं पुरुष नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य की पुरुष कबड्डी टीम राजेश नारवल की अगुवाई में 22 साल बाद चैम्पियन बनी है। एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव नसीब जांघू ने बताया कि हरियाणा राज्य की पुरुष कबड्डी टीम ने क्वार्टर फाइनल में सर्विसेज की टीम को (30-27) से हराया। सेमी फाइनल में महाराष्ट्र को (38-37) से हराया व इंडियन रेलवे को फाइनल में (34-31) से हराते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इसके लिए राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ने टीम को अपना बधाई संदेश भी प्रेषित किया है और कहा कि यह हम सब के लिए गर्व की बात है। हरियाणा राज्य की पुरुष कबड्डी टीम की इस उपलब्धि पर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, चेयरमैन कुलदीप दलाल, कोषाध्यक्ष अनिल राठी, उपाध्यक्ष धरेन्द्र मलिक, उपसचिव कुलदीप पहल, पूर्व कोषाध्यक्ष बलबीर पहल, धर्मबीर मलिक, सुखपाल, सोनू कोच, विनोद कोच, कृष्ण श्योराण, सुरेन्द्र चहल, दादरी कबड्डी संघ जिला अध्यक्ष राजेश फौगाट, भीम अवार्डी सुरजीत नारवाल, द्रोणाचार्य अवार्डी बलवान सिंह, द्रोणाचार्य अवार्डी कृष्ण हुड्डा, अर्जुन अवार्डी अनूप कुमार, अर्जुन अवार्डी संदीप नारवाल, विरेन्द्र फौगाट गामड़ी, कोच बलवान सिंह दहिया, सन्नी कोल्हड़ रावलधी, हंसराज फौगाट, नवदीपक डाला, कर्मबीर नांधा, भूमित डाला, मनजीत बाढ़डा, सुरेन्द्र जांगड़ा, कृष्ण महेन्द्रगढ़, पूर्व सरपंच अशोक रावलधी, बबली मौड़ी, अजीत फौगाट, लोकेश सैनी, दीपक सैनी, सुरेन्द्र चहल, राजेश हिसार, रामपाल गुड़गांव, भूमित सांगवान, जितेन्द्र उर्फ चिन्टू व सभी जिला पदाधिकारियों ने कैप्टन राजेश नरवल, खिलाड़ी आशु मलिक, मोहित गोयत, अक्षय राठी, नितिन धनखड़, कृष्ण धुल, जयदीप दहिया, मोहित नांदल, नितिन दलाल, विशाल लाठर, उपेन्द्र, मोहित व कोच सुरजीत सिंह नवाल, डिप्टी डायरेक्टर हरियाणा स्पोर्ट्स व कोच नसीब जांघू को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक लगन व मेहनत से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

PRAYAAS INTERNATIONAL SCHOOL
LOVE • CARE • COMMITMENT
PRAYAAS
INTERNATIONAL SCHOOL
(A Sr. Sec. Co-Educational School, Affiliated to C.B.S.E.)
INTERNATIONAL SCHOOL AWARD WINNER
joins hands with
PHYSICS WALLAH
India's best, widely acclaimed and renowned institute that provides specialised coaching for NEET, JEE, CLAT, OLYMPIADS and other Competitive Exams
PAVING YOUR PATH TO A GLORIOUS CAREER
ENROLL NOW!
ADMISSION OPEN FOR PRE-NURSERY TO GRADE XII
NEW BATCHES START FROM 04th APRIL
Class IX and X
Class XI and XII
(Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Arts & Commerce)
प्रयास+फिजिक्सवाला कोचिंग कक्षाएं ही क्यों ?
✓ NEET, JEE, CLAT, Olympiads व CA Foundation की कोचिंग और स्कूली शिक्षा साथ साथ
✓ PHYSICS WALLAH के विषय विशेषज्ञ PRAYAAS INTERNATIONAL SCHOOL के वरिष्ठ व अनुभवी अध्यापकों के साथ लेंगे कक्षाएं
✓ नहीं जाना होगा सोनीपत, गनौर, समालखा एवं पानीपत के होनहार विद्यार्थियों को अब दिल्ली और चंडीगढ़
✓ नहीं रहेंगे अब घर से बाहर रह कर बच्चे मानसिक तनाव में
✓ नहीं होगा यातायात की मुश्किलों में समय बर्बाद
✓ CBSE सिलेबस की तैयारी साथ साथ
✓ मिलेगी विस्तृत पाठ्य सामग्री
✓ होंगी चरणबद्ध परीक्षाएं और रिवीजन
✓ आयोजित होंगे करियर काउंसलिंग सेशंस


ALAKH PANDEY
Pinnacle of Physics Pedagogy
PHYSICS WALLAH
Note: Limited seats available; Hurry up to reserve your seat.
Prayaas Marg, Behind Chokhi Dhani, Ganaur (Sonepat) | www.prayaasinternationalschool.com
8115647000, 7645002000, 9896025555, 9996000343

## खबर संक्षेप

### नफरत मिटाने का प्रतीक है होली पर्व

**करनाल।** सदर बाजार के पंजाबी मोहल्ला में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। साध्वी दीपमाला ने कार्यक्रम में शिरकत कर आर्शीवचन दिए। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साध्वी दीपमाला ने अपने प्रवचनों में होली का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। हमें नियमित रूप से ईश्वर स्मरण करना चाहिए। तभी जीवन सार्थक होगा। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह ने होली के पावन पर्व की बधाई दी।

### वैदिक होली उत्सव मनाने का महत्व बताया

**करनाल।** आर्य समाज सेक्टर आठ-नौ ने आर्य केंद्रीय सभा करनाल के तत्वावधान में वैदिक होली कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी भवन में किया। कार्यक्रम की शुरूआत आर्य पुरोहितों द्वारा वेद मंत्रों से पांच कुंडीय यज्ञ करके की गई। इसके बाद चंदन का तिलक लगाया गया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र से पहुंचे प्रसिद्ध वैदिक संगीताचार्य जसविंद्र आर्य ने प्रभु भक्ति, ऋषि भक्ति व देश भक्ति के भजनों से समां बांध दिया। भजनों द्वारा मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन कर्नल अरूण दत्ता ने शिरकत की।

### भक्ति मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**करनाल।** कुंजपुरा गांव स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन से आए कथावाचक पंडित अखिलेश्वर ने श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया। तदोपरांत ग्रामीणों ने कथावाचक पंडित अखिलेश्वर व उनके साथियों को सम्मानित किया। मां यमुना सेवा समिति के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप दर्शन कराए थे। आत्म तत्व का ज्ञान दिया था।

### प्रत्याशी को खुलवाना होगा अलग बैंक खाता

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 18वां लोकसभा आम चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवार को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवार लेनदेन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड यानि आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे।

### राम लला को समर्पित होली उत्सव मनाया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में श्री राम लला को समर्पित होली उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में महिला सत्संग मंडल की सदस्यों ऊषा बत्रा, अनु खट्टर, उर्मिला अरोड़ा व सुषमा धमीजा ने भावपूर्ण भजन गाए। राधा रानी सरकार और भगवान श्री कृष्ण को रिझाया गया। होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। पटियाला से पहुंची ज्योति ने कृष्ण भगवान के रूप में मनमोहक ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधान रविंद्र तनेजा, वेद दुआ, कृष्ण लाल डांग आदि रहे।

### विराट भक्ति सत्संग में पंहुच कर धर्म लाभ उठाएं

**करनाल।** परम पूज्य सुधांशु जी महाराज के पावन सानिध्य में आगामी 28 मार्च से 31 मार्च तक पावन धाम आश्रम नजदीक देवी लाल चौंक पर विराट भक्ति सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों हेतु विश्व जागृति मिशन करनाल मंडल अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी राजिन्द्र भारती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जानकारी देते हुए राजिन्द्र भारती ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत 28 मार्च को शाम 4.30 बजे से 7 बजे तक चलने वाले सत्संग से होगी।

---

बच्चों ने नृत्य और होली पर की सुंदर प्रस्तुती पेश की

# भाविप के होली मिलन समारोह जमकर उड़े अबीर व गुलाल

एक-दूसरे को गले मिलकर दी रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा होली के पावन पर्व के अवसर पर होली उत्सव एवं परिवार मिलन कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता में निजी गार्डन घरौंडा में आयोजित किया गया। इस सुंदर पारिवारिक कार्यक्रम में सभी सम्मानित सदस्यों एवं महिला सदस्यों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया सभी ने पारंपरिक गीतों की धुनों पर नृत्य प्रस्तुति दी। बच्चों के द्वारा एकल और सामूहिक रूप से नृत्य किया गया तथा प्रकल्प प्रमुखों द्वारा होली क्विज भी की गई जिसमे सभी बच्चों और बड़ो ने भाग लेते हुए सुंदर और सही उत्तर दिए सभी सदस्यों के द्वारा फूलो और रंगो कि होली खेली गई सभी ने एक दूजे को रंग लगाते हुए शुभकामनाएं दी और परस्पर प्रेम और भाईचारे का परिचय दिया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने वक्तव्य में होली के महत्व को बताया कि रंगो के इस त्यौहार को हमे हर्षोल्लास के साथ अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में प्रत्येक व्यक्ति के प्रति उदारता भाई चारा और परस्पर प्रेम बनाए रखना चाहिए और जरूत पड़ने पर एक दूसरे का सहयोग भी करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम के उपरांत सभी बच्चों को सुंदर प्रस्तुति के लिए उपहार दिए। इसके अतिरिक्त शाखा के स्थाई कार्यालय एवं भवन में चल रहे स्थाई प्रकल्प आत्मनिर्भर सिलाई सेवा एवं प्रशिक्षण केन्द्र मे सिलाई केन्द्र प्रमुख मीरा बंसल एवं सेंटर संचालिका ज्योति देवी द्वारा सिलाई प्रशिक्षण पाने वाली सभी महिलाओं के संग होली का त्यौहार मनाया गया।



**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से से ये रहे मौजूद**

मंच का संचालन सचिव कपिल धीमान द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख सुशील शर्मा पंकज भटनागर श्रीमती मीरा बंसल श्रीमती साक्षी सिंगला श्रीमती प्रियंका गुप्ता एवं श्रीमती शैली बंसल रहे। इस अवसर पर परिषद् परिवार के सम्मानित सदस्यों के साथ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे सभी ने कार्यक्रम की अतुलनीय प्रशंसा की कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

---

# होली पर दिया आपसी भाईचारें का सदेश

- होली पर गले मिल कर सभी ने खुशियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सैक्टर 8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के प्रागंण मे हर बर्ष की भांति विराट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। फू लों की बरसात की गयी,गुलाल व चंदन का टीका लगाया व गले मिलकर सौहार्द की अनुकरणीय अनुभूति की गई। अपने सम्बोधन मे ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने उपस्थित समस्त सदस्यगण को व उनके परिवारजनों को होली की शुभकामनाऐ दीं व समाज और राष्ट्र की चहुमुखी उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार हमें खुशियां देते हैं। उपस्थितजनों ने गुजिया,लस्सी, मष्ठान व गीत संगीत का आनंद लिया। मिलन समारोह मे ब्रज गर्ग,डॉ पी के जैन,देसराज गुप्ता,डॉ पी सी गुप्ता,रतन लाल बंसल,हेमराज मितल,प्रवीण बंसल,ओ पी गर्ग,जगमाल गुप्ता, रवींद् रअग्रवाल, हरीश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल,विनोद् रगुप्ता, दीपक गुप्ता, भूषण गोयल, रतन जैन, पंकज मणि गोयल,प्रमोद सिंगला, कमल गुप्ता, राजेश गोयल आदि उपस्थित रहे। समारोह मे कई महानुभावो ने ट्रस्ट की सदस्यता भी ग्रहण की।

# होली पर सांस्कृतिक कार्य प्रस्तुत किए

- ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र की ओर से होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के डिसि्ट्रक्ट सेकेट्री अशोक महेंद्रू ने कहा कि पिछले दिनों करनाल में पधारी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने कुछ टिप्स हमें पक्के कराए, अगर वो भी हम स्मृति में रखें तो खुशनुमः जीवन जी सकते हैं। जैसे कि मैं स्वस्थ हूं, सदा खुश हूं, सदा निर्भय हूं। सफलता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है। मैं विजयी हूं आदि। वरिष्ठ योगा ट्रेनर जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह समय घोर कलियुग का है। इसमें ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही हैं जो कभी सोच भी नहीं सकते थे। हमें मिलजुल कर इस दुनिया के वातावरण को स्वच्छ और शांत बनाना है। वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रधान ओपी गर्ग ने अपनी शुभकामनाएं होली के पर्व पर सबको दी। प्यार से मिलजुल कर रहने की प्रेरणा दी। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी ने कहा कि होली प्रभु के संग में रंगने का पर्व है। मेडीटेशन द्वारा जब आत्मा परमात्मा के सानिध्य में आती है तो परमात्मा के ज्ञान का रंग, गुणों का रंग, शक्तियों की पवित्रता व प्रभु प्यार में रंग जाती है, इस मौके पर बीके शिखा बहन ने मंच संचालन किया। शर्मा आर्ट ग्रुप की ओर से राकेश शर्मा और विकास कुमार ने राधा कृष्ण बन कर अपनी कला की प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंग जमा दिया। उपस्थित लोगों को खूब रास करवाया। कुमारी अनक व पिहु बंसल ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। सुरिंद्र गाबा ने बहुत सुंदर गीत सुनाए। इस अवसर पर राजेंद्र गौड़, सुरेश खन्ना, नरेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, रमन, ईश्वर, रिषी राज शर्मा, के.के खन्ना आदि रहे।

---

# अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू

- मंडी में सरसों की खरीद हफेड एजेंसी द्वारा की जाएगी
- सरकार की ओर से सरसों का एमएसपी रेट 5650 /- तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



**घरौंडा।** डी में सरसों की खरीद करते हफेड व मार्केट कमेटी अधिकारी।

प्रदेश सरकार ने तय समय अनुसार मंडियो से सरसों के खरीद के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसको लेकर आज घरौंडा अनाज मंडी में भी सरसों की खरीद की गई है। मंडी में सरसों के खरीद हफ़ेड एजेंसी के द्वारा की जाएगी। मंगलवार को दोपहर बाद मंडी में आई सरसों की खरीद करने के लिए पहुंचे मंडी सचिव चंद्र प्रकाश व हफेड अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सरसों की खरीद के लिए पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मंडी में सरसों की खरीद हफेड एजेंसी द्वारा की जाएगी। और किसानो की इस फसल को सरकारी रेट अनुसार ही खरीदा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सरसों की खरीद को सरकारी मापदंड के अनुसार ही खरीदा जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की एक ही वह अपने सरसों की फसल को सुखा कर लाये।ताकि उसे एमएसपी रेट पर खरीदा जा सके। बता दें कि सरकार की ओर से सरसों का एमएसपी रेट 5650 /- तय किया गया है।

# भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ प्रचार करेंगे सरपंच

- प्रदेशभर में सभी 10 लोकसभा सीटों पर सरपंच सरकार के खिलाफ हूए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सरपंच एसोसिएशन हरियाणा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा का विरोध करने का एलान कर दिया है। एसोसिएशन की ओर से कहा गया है कि प्रदेशभर में सभी 10 लोकसभा सीटों पर सरपंच भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ प्रचार करेंगे। भाजपा उम्मीदवारों को हराने के लिए विपक्ष के मजबूत प्रत्याशियों का साथ देते हुए उन्हें वोट देंगे। मंगलवार को एसोसिएशन की मीटिंग जांबा गांव में प्रदेश महासचिव ईशम सिंह के निवास पर हुई। अध्यक्षता नीलोखड़ी ब्लॉक प्रधान भूपिंद्र सिंह लाडी ने की। प्रमुख तौर पर एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान रणबीर समैण ने सरपंचों को संबोधित किया। प्रदेशभर से सरपंच मीटिंग में मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रणबीर समैण ने कहा कि सरपंचों पर लाठीचार्ज करने वाली, सरपंचों के अधिकारों को छीनने वाली और गांवों के विकास में रोड़ा बनने वाली भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल जब वोट मांगने आएं तो सरपंच उन्हें याद दिलाएं कि लाठीचार्ज के जख्म अभी भरे नहीं हैं। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे भूपिंद्र सिंह लाडी ने सरपंचों की लंबित मांगों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गांवों में कार्य करवाने के लिए सरपंच को 20 लाख खर्च की पॉवर दी जाए। ई टेंडरिंग का नियम खत्म किया जाए। इसके चलते गांवों में विकास कार्य नहीं हो पा रहे।

विकास कार्य करवाने के लिए सरकार ने पिछले डेढ़ साल से ग्रांट जारी नहीं की। ग्रांट जारी की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा को सबक सिखाने के लिए सरपंच कमर कस लें। इस अवसर पर जींद जिला प्रधान सुधीर बुआना, कैथल जिला प्रधान सुखविंद्र, कुरुक्षेत्र प्रधान सुभाष, नारनौंद प्रधान मंजीत, मरगैन ब्लॉक प्रवक्ता कृष्ण लाल, करनाल जिला प्रधान रतन सिंह व ब्लॉक जगाधरी अध्यक्ष रिंपी सैनी ने संबोधित किया।

---

# जगदम्बा मन्दिर मे होली पर हूई रंग वर्षा

- होली के पावन अवसर पर होली के रंग कान्हा के संग होली कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



**तरावड़ी।** भजन गायक दास बसन्त अपनी मधुरवाणी से भजन प्रस्तुत करते हुये।

होली के पावन अवसर पर होली के रंग कान्हा के संग होली कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी तरावड़ी मे जगदंबा मन्दिर मे होली के उपलक्ष्य में होली के रंग कान्हा के संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे टी वी चैनल के भजन गायक दास बसन्त जी ने अपनी मधुर आवाज मे राधा कृष्ण के भजनों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेरे छोटे से लड्डू गोपाल, हम तेरे शहर में आये है मुसाफिर बनके, कान्हा तेरे चरणों, होली में पिचकारी से रंग, मोहे अपने रंग मे रंग दो कुंज बिहारी के भजनों से श्रद्धालु रंगों मे रंग गये। इसके कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं ने फूलों की होली विशेष लुत्फ उठाया। राधा कृष्ण की सुन्दर सुन्दर झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया । होली के कार्यक्रम के अवसर पर जगदम्बा मन्दिर को गुब्बारों व रंगीन लाइटो से सजाया गया। जोकि आर्कषण का केन्द्र बनी हुई। कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं को जगदंबा परिवार की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जगदम्बा मन्दिर परिवार के रमेश गुप्ता, नाथी राम गुप्ता, नरेश गुप्ता,अमित गुप्ता, विरेन्द्र बंसल, सुशील कुमार, संजय बसल, अशोक बंसल, सुरेन्द्र बसल सहित काफी तादाद मे श्रद्धालु पुरुष महिलायें उपस्थित थी।

# स्वच्छता को अपने व्यवहार में करें शामिल

- वार्डों में सर्वे कर साफ-सफाई, घर-घर से कूड़ा उठान, कूड़ा पृथक्करण तथा हरियाली जैसे बिन्दूओं को जांचा
- आत्म निर्भर के बाद वार्ड 10 को स्वच्छ वार्ड किया घोषित- धीरज कुमार, अतिरिक्त निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



एएमसी धीरज कुमार।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम कई तरह की गतिविधियां कर रहा है। इसके तहत बीते माह फरवरी में स्वच्छ वार्ड को लेकर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया और साफ-सफाई के कई पहलुओं को जांचा गया। सर्वे के तहत शहर के वार्ड नम्बर 10 को स्वच्छ वार्ड घोषित किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अनेक प्रकार के घटक हैं, उनमें स्वच्छ वार्ड को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों के सर्वे के लिए मुख्य सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम में मुख्य सफाई निरीक्षक के साथ-साथ सम्बंधित जोन इंचार्ज तथा स्वच्छ भारत मिशन टीम के ट्रीगर मास्टर एवं मोटीवेटर शामिल थे। इन चीजों को लेकर किया गया सर्वे- उन्होंने बताया कि सर्वे में वार्ड की समस्त साफ-सफाई, घर-घर से कूड़े-कचरे का उठान, कूड़ा पृथक्करण, गलियों व नालियों की सफाई, सी. एंड डी. वेस्ट, हरियाली तथा गारबेज वल्नरेबल पॉयट जैसे इत्यादि बिन्दूओं का जांचा गया। इसके बाद एक रिपोर्ट तैयार की गई, जिसके आधार पर वार्ड 10 को स्वच्छ वार्ड घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर सैग्रीगेशन और होम कम्पोस्टिंग को लेकर कुछ दिन पहले ही वार्ड 10 को आत्म निर्भर वार्ड भी घोषित किया गया था।

---

आजादी के 100 वें साल तक भारत ग्लोबल फूड पावर हाउस के तौर पर उभरे

# कार्यशाला में किसानों को दिए बेहतर खेती के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




**करनाल।** कार्यशाला में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ सुरेश मल्होत्रा का स्वागत करते अनुसंधान निदेशक व डॉ बिमला। *फोटो: हरिभूमि*

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के प्रांगण में अनुसंधान निदेशालय द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (नई दिल्ली) द्वारा प्रायोजित हरियाणा के मध्य गंगा मैदान क्षेत्र में मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरणी संतुलन के सतत उपाय विषय को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला तथा 2 दिवसीय किसान संवाद एवम प्रदर्शनी का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों से आए करीब 60 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएचयू के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल व कार्यशाला संयोजिका डॉ. बिमला ने किया। कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग करने के लिए पर्यावरणीय संतुलन के लिए कई बातों पर ध्यान देने की जरुरत हैं। प्राकृतिक संसाधनों को किस प्रकार सुरक्षित रखें, इन सबके लिए जागरूकता लाने की जरुरत है। किसानों की आय बढ़े, फसलों पर लागत कम करें, प्राकृतिक संसाधनों का समुचति प्रयोग हो, गुणवत्ता में सुधार आए। कम पानी की जरुरत वाली फसलों का प्रयोग करें। इन सबके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की हरसंभव मदद में जुटी है। कुलपति ने बताया कि मिट्टी जांच का मॉडल हरियाणा से शरू हुआ, जिसे दूसरे कई राज्यों ने अपनाया।

**कार्यशाला किसानों के लिए वरदान साबित होगी**

उन्होंने कहा कि कार्यशाला किसानों के लिए वरदान साबित होगी, किसानों को आधुनिक युग में किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटे, मृदा की शक्ति कैसे बनाएं रखे, पर्यावरण के साथ संतुलन कैसे बनाए ओर प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग किस प्रकार करें आदि सब बाते विशेषज्ञों द्वारा बताई जाएगी। अनुसंधान निदेशक व कार्यशाला संयोजिका डॉ. बिमला ने कुलपति का कार्यक्रम में आने के लिए स्वागत किया ओर किसानों का आभार जताया।

# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

श्री खाटू श्याम के भक्तो द्वारा वार्ड नः तीन मे होली पर्व के उपलक्ष में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकंडो की संख्या में श्याम प्रेमियों का भाग लिया। श्री श्याम फालगुन उत्सव को लेकर बाबा का सुंदर दरबार भव्य रूप से सजाया गया था। भजन संध्या के दौरान बाबा के भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के आयोजन में समाजसेवी सोनू सिंगला, भारत सचदेवा, अशोक सिंगला, तरूण बंसल, हर्ष, नरेन्द्र हन्दूजा समेत कई सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। श्री श्याम बाबा सांवरे के भजनों पर श्री श्याम फाल्गुन उत्सव में श्याम प्रेमी खुद को झूमने से नही रोक पाए। बाबा खाटू श्याम जी का भव्य दरबार, पुष्प वर्षा देखने योग्य थी। पड़वाला से भजन गायक प्रमोद शर्मा समेत कई गायकों ने बाबा खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने बाबा के भजनों का समा बांधा। शहर के सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया और बाबा के भजनों पर जमकर आनंद लेते हुए और बाबा के भजनों पर नृत्य भी किया। खाटू श्याम जी का फूलों से श्रृंगार हुआ। खाटू श्याम की आरती के बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। श्याम बाबा का भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा।

## खबर संक्षेप

### हर विपदा को हर लेते है श्री श्याम

**पानीपत।** हारे का सहारा है बाबा श्याम इससे ज्यादा कोई राज नहीं जिसके सिर पर हाथ हो श्याम बाबा का इससे महंगा कोई ताज नहीं मन में एक विश्वास, तू दिल मेरा टूटने ना देगा, श्याम बाबा हाथ ना छूटने देगा बड़े बड़े संकट टल जाते हैं जब साथ हो श्याम बाबा तुम्हारा हर विपदा पर भारी पड़ता श्री श्याम का एक जयकारा उक्त विचार वृंदावन ट्रस्ट के महासचिव हरीश बंसल ने कहे। इस अवसर पर रोशन लाल छौक्कर, हरीश बंसल, पवन, वैभव बंसल ,सुदेश बंसल व सिमरन आदि मौजूद रहे।

### डॉ. धन कुमार बने प्रदेश अध्यक्ष

**पानीपत।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में हरियाणा विमुक्त घुमंतू जनजाति टास्क फोर्स के डा. धन कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इससे पहले डा. धन कुमार कांग्रेस पार्टी में वरिष्ठ कार्यकर्ता के तौर पर कार्य कर चुके हैं।

### बुराई को छोड़ना ही होली पर्व का मुख्य उद्देश्य : सरोज

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र पर होली महोत्सव स्नेह मिलन समारोह के रूप में अलौकिक होली फूलों के साथ खेल कर मनाई गई। इस दौरान सभी ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा की और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु प्रेम के गीत के साथ हुआ। इस दौरान केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने सभी बहन भाईयों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया।

### मां लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की आरती की

**लाडवा।** लाडवा शहर की सामाजिक संस्था श्री अग्रवाल सभा की तरफ से महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी मां लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गयी। सभा के महासचिव विकास सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा की तरफ से युवा इकाई व महिला इकाई के साथ मिलकर हर माह की पूर्णिमा को पूर्णिमा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी मां लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की आरती की जाती है जिसके अंतर्गत आज की गई आरती में रामकुंडी प्रधान व पार्षद रोहित गर्ग और रोटरी क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता अपने परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए व आरती कर प्रसाद वितरण किया।

### 7 को प्रदेश स्तरीय महात्मा ज्योतिबा जयंती समारोह

**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती हर साल 11 अप्रैल को मनाई जाती है। इस बार महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती व सीएम का अभिनंदन समारोह एक साथ होगा। कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में 7 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई जाएगी। साथ ही सैनी समाज की तरफ से सीएम का अभिनंदन कार्यक्रम भी होगा।

### गुरुद्वारा साहिब को भेंट किए एक लाख रुपये

**थानेसर।** गांव दुनियामाजरा के गुरुद्वारा श्री नानकसर सिंघ सभा को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा एक लाख रुपये का चैक भेंट किया गया है। यह चैक हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा ने गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों को सौंपा।

## कॉलोनियों के लोग मंत्री महिपाल ढंडा को होली की शुभकामनाएं दी

# पानीपत में हर्षोल्लास के साथ खेली गई होली

कॉलोनी वासियों ने भारी संख्या में रुद्राभिषेक में भाग लिया





**पानीपत।** होली खेलते हुए युवा वर्ग तथा सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा अपने आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ विभिन्न संस्थाओं द्वारा मंत्री महिपाल ढांडा को पगड़ी एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अचंल में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं हरियाणा सरकार के पंचायत, विकास एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने एल्डिको स्थित निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमकर होली खेली और सभी को शुभकामनाएं दी। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव एवं कॉलोनियों के लोग मंत्री महिपाल ढंडा को होली की शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। वहीं महिपाल ढांडा ने कहा कि उनके लिए हल्के की जनता सर्वोपरि है जनता के आशीर्वाद से ही आज वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इसी तरह से जनता का उन्हें प्यार मिलता रहा तो वह और भी आगे बढ़ेंगे। विभिन्न संस्थाओं द्वारा मंत्री महिपाल ढांडा को पगड़ी एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। वहीं राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार भी मंत्री महिपाल ढांडा को बधाई देने के लिए उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने वहां उपस्थित जनसमूह को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आप सबके जीवन में खुशियां भर दे यही उनकी कामना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनोद धमीजा, पूर्व पार्षद अशोक कटारिया, लोकेश नांगरू, मनजीत कौर, कृष्ण छौक्कर, संजीव दहिया, वेद पाराशर, ईसम कुमार पांचाल, बिजेन्द्र पांचाल, पवन जांगड़ा, रविन्द्र मंडावर आदि

### होली पर रुद्राभिषेक किया

पानीपत की इंदिरा विहार कालोनी वार्ड-दो ,नूरवाला में श्री शिव मंदिर में होली के उपलक्ष में रुद्राभिषेक किया गया। जिसे पंडित दीपक पांडे एवं अनुज शुक्ला द्वारा विधि विधान से करवाया। कॉलोनी वासियों ने भारी संख्या में रुद्राभिषेक में भाग लिया। रुद्राभिषेक के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संरक्षक विनोद पांचाल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम कुमार पांचाल, विजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, जितेंद्र पटवा, सुरेंद्र मोहन, प्रशांत, राजकुमार माजरी, सरदार बलदेव सिंह, नन्नू, सपना, रेखा रानी, विजय मैहता व तरूण आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### फूलों की होली खेली

पानीपत के गांव निंबरी स्थित श्री सोमनाथ धाम आश्रम में फूलों की होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के भक्तों ने राधा और कृष्ण का स्वरूप धारण करके फूलों की होली खेली। इस अवसर पर आचार्य रत्नेश त्रिपाठी, मंडल के प्रधान डा.जगजीत आहूजा, राम नारायण रावल, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, रमेश आर्य, देशराज छाबड़ा, रमेश ढींगरा, गणेश ठाकुर, विजय अरोड़ा, वीरभान नागपाल, कांता छाबड़ा, नीलम दत्ता, भावना सलूजा,वीना चुघ, ज्योति डूडेजा व निधि चावला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



**पानीपत।** गोल्ड मेडल विजेता विजय गाहल्याण को सम्मानित करते हुए एसपी अजीत शेखावत। फोटो : हरिभूमि

# गोल्ड मेडल विजेता विजय सम्मानित

## नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप

■ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह ने विजय गाहल्याण को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

मीडिया सेंटर संचालन समिति द्वारा पांचवी नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक विजेता विजय गाहल्याण को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मीडिया सेंटर संचालन समिति के अध्यक्ष राकेश भयाना ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अपने कार्यालय में स्वर्ण पदक विजेता व पूर्व वरिष्ठ पत्रकार विजय गाहल्याण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने विजय गाहल्याण को बधाई दी व चीन में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी। इधर, विजय गाहल्यान ने बताया कि उनका चीन में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में चयन हुआ है। चीन में वर्ल्ड चैंपियन अगस्त महीने में होगी। विजय ने बताया कि चीन में वर्ल्ड चैंपियनशिप की प्रतियोगिता के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है और ताकि वे भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत सके। स्मरणीय है कि विजय गाहल्यान ने राष्ट्रीय स्तर पर तीन गोल्ड, एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जीता है। राज्य स्तर पर 9 गोल्ड और एक सिल्वर पदक जीता है। मूल रूप से गांव आट्टा निवासी विजय गाहल्याण पहलवान भी रह चुके है और वे हरियाणा सूचना लोक संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग में सहायक प्रबंधक के रूप में सेवारत है। इस अवसर पर मीडिया सेंटर संचालन समिति के प्रधान राकेश भ्याना, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल, राममेहर कौशिक, विकास चौधरी, जगमहेंद्र सरोहा, प्रवीण ठाकुर, सौरभ शर्मा व पुलिस विभाग के पीआरओ अनिल कुमार मौजूद रहे।

# बाल केंद्र में बच्चों को सुविधा दें अधिकारी

## समय-समय पर अधिकारी केंद्रों पर जाकर बच्चों से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला बाल कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डॉक्टर पंकज ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बाल कल्याण को लेकर सभी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाल देख रेख केंद्रों पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि वहां पानी की सही व्यवस्था है, खाने की कोई परेशानी तो नहीं है। बच्चों के लिए बनाए गए शौचालय सही प्रकार से कार्य कर रहे हैं या नहीं। बिजली पानी की सही व्यवस्था है या नहीं। बच्चों की पढ़ाई ठीक चल रही है या नहीं। उनको जो सुविधाएं मिल रही है उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरतनी है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अधिकारी केंद्रों पर जाकर बच्चों से मिले। उनकी जरूरत का विशेष ध्यान रखें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए की वे बच्चों को योग करने की व्यवस्था की जाए। खेल के उपकरण वहां सही है या नहीं। समय-समय पर केंद्रों पर जाकर यह सुनिश्चित भी करें। उन्होंने हेल्थ विभाग के डॉक्टर को निर्देश दिए कि वह बच्चों की स्वास्थ्य संबंधित जांच का विशेष ध्यान रखें व उनकी खाने की गुणवत्ता की भी जांच करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि बाल देखरेख केंद्र के अधीन शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की शिक्षा का स्तर क्या है। उनकी पढ़ाई में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। इस पर ध्यान केंद्रित करें व जहां-जहां स्कूलों में बच्चे शिक्षा का अध्ययन कर रहे हैं वहां जाकर उनसे बातचीत करें व उनका सहयोग करें।

### कैंसर व टीवी रोगी की जान बचाई

**पानीपत।** सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम ने पेट के कैंसर की स्टेज 4 से पीड़ित 54 वर्षीय मरीज संजीव गुप्ता निवासी पानीपत का सफल इलाज किया है। संजीव गुप्ता टीबी रोग से भी पीड़ित थे। सीके बिरला अस्पताल में कंसलटेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉक्टर पूजा बब्बर ने संजीव गुप्ता के ट्रीटमेंट को लीड किया। क्वालिटी लाइफ प्रदान करने और सर्वाइवल पर फोकस करते हुए डॉक्टर पूजा बब्बर ने एक मल्टी डिसीप्लिनरी अप्रोच के साथ इलाज किया और कैंसर व टीबी से जूझ संजीव गुप्ता की जान बचाई।

# मंत्री महिपाल ढांडा का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा को हरियाणा सरकार में विकास एवं पंचायत व सहकारी मंत्री बनाये जाने पर अमित वर्मा परिवार, अंसल में अभिनंदन किया गया। वहीं मंत्री ढांडा को बीस फुट की माला पहना कर स्वागत किया गया। मंत्री ढांडा को भगवान श्री राम की मूर्ति स्मृति चिंह के रूप में भेंट की गई। इस अवसर पर भाजपा के वयोवृद्ध नेता रघुबीर सैनी एडवोकेट, समाजसेवी अतुल मित्तल, लोकेश नांगरू, भीम सचदेवा प्रधान दशहरा कमेटी, हरीश अरोड़ा महामंत्री बिचपड़ी मंडल, एडवोकेट महेंद्र वर्मा, शिव कुमार वर्मा, सतबीर वर्मा, एडवोकेट सुरभि शर्मा एसके राणा, कविता अरोडा, सुधीर पुनानी, अंसल रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।



**पानीपत।** सहकारी मंत्री महिपाल ढांड का अभिनंदन करते हुए असंल निवासीगण।

# लोकसभा चुनाव में इनेलो की ऐतिहासिक जीत तय

## सरकार की नीतियों से खुश नहीं जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

इंडियन नेशनल लोकदल महिला विंग की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य दीपा देशवाल ने लोकसभा चुनाव में इनेलो प्रत्याशियों की जीत का दावा करते हुए बताया कि हिसार लोकसभा सीट से सुनैना चौटाला एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से अभय सिंह चौटाला की जीत निश्चित है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जजपा-भाजपा गठबंधन की सरकार की लूट को हरियाणा की जनता देख चुकी है। अब लोगों ने मन बना लिया है कि वह इनेलो को विजय बनाकर प्रदेश में इनेलो की सरकार बनाए। दीपा देशवाल ने कहा कि हरियाणा में कोई भी वर्ग आज सरकार की नीतियों से खुश नहीं है, हर वर्ग परेशान है, किसान, मजदूर, कमेरा वर्ग ,व्यापारी, कर्मचारी सभी को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। ऐसी सरकार को सत्ता में बना रहने का कोई अधिकार नहीं है। जब वह लोगों के हित के काम ने कर सकती तो उसे खुद ही सत्ता छोड़ देनी चाहिए। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के शासन में हर वर्ग को मान सम्मान दिया जाता था। आज युवा वर्ग बेरोजगारी के कगार पर खड़ा है। उन्होंने इनेलो कार्यकताओं से अपील की है कि वह आने वाले लोकसभा चुनाव में इनेलो के प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए रात दिन मेहनत करें।



**पानीपत।** इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला के साथ दीपा देशवाल। फोटो : हरिभूमि

# पानीपत प्रशासन बाल विवाह नहीं होने देगा : डॉ. वीरेंद्र

■ विवाह समारोह के सम्बंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने दस मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न विवाह समारोह के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपील की है।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह करवाने वाले पुजारी, गांव के सरपंच, पंच व नम्बरदार तथा शहरों में पार्षद मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी सामुदायिक केन्द्रों, सार्वजनिक भवनों, बैंकेट हॉल, मैरिज हॉल, मैरिज पैलेस, टेंट हाऊस इत्यादि के मालिकों से भी अपील की है कि वे अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें तथा प्रति भी अपने पास रख लें। रजनी गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में समय रहते सूचना संबंधित पुलिस थाना व चौकी, आंगनबाड़ी केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी, संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और बाल विवाह निषेध अधिकारी के साथ-साथ पुलिस कंट्रोल रूम, चाईल्ड हैल्पलाइन पर इसकी सूचना दी जा सकती है।

# राजनैतिक दलों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट का पालना करना होगा

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि सभी राजनैतिक दल डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की पालना करना सुनिश्चित करें और प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए स्थानों पर ही रैली एवं जनसभा की जा सकती है।

यही नहीं इन्हीं स्थानों पर ही केवल प्रचार से सम्बंधित होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगा सकते हैं। चुनाव के दौरान प्रयोग की जाने वाली सभी वस्तुओं के रेट भी सम्बंधित राजनैतिक दलों को उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपील की कि वे यह भी सुनिश्चित करें कि चुनाव प्रचार के दौरान जो भी बैनर, पोस्टर आदि प्रिंट करवाएं उन पर सम्बंधित प्रिंटिंग प्रैस का नाम और पता सहित छपवाने वाले का भी ब्यौरा हो। अगर इस मामले में अवहेलना की गई तो निर्धारित एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार 95 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है।

### अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालु रवाना

**पानीपत।** मां शाकुंभरी देवी सेवा मंडल द्वारा अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं को लेकर बस रवाना हुई। जिसे मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद विजय जैन ने नारियल तोडकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें श्रद्धालुओं की बस को अयोध्या धाम, बनारस, प्रयागराज व चित्रकूट धाम भेजने का अवसर मिला है। उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर मां शाकुंभरी देवी सेवा मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल, हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, दीपक तायल, ऋषिपाल रावल, नवीन गोयल, डा. नरेश, राजकुमार, महिपाल राणा, दीपक गर्ग व नरेन्द्र कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सनौली गांव में राजमिस्त्री की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज पानीपत

पानीपत के सनौली गांव में राजमिस्त्री जुगेश्वर निवासी गांव टेलना जोगिया, जिला बेगुसराय, बिहार हाल निवासी गांव छाजपुर कलां जिला पानीपत की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। इधर, मृतक के भाई संजय की शिकायत पर सनौली थाना पुलिस ने ट्रैक्टर के चालक महा सिंह पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जुगेश्वर का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

#### महम के ग्रामीण की मौत

**पानीपत।** पानीपत के टोल प्लाजा पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यशपाल उर्फ गोधू निवासी गांव महम जिला रोहतक की मौत हो गई। हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र रूपेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साथ ही पोस्टमॉर्टम करवा कर यशपाल का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लाठी-चार्ज के विरोध में आप वर्करों ने जताया रोष

# आप व भाइपाइयों ने खड़े होकर लगाए एक दूसरे के खिलाफ नारे

■ जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में मंगलवार को आम आदमी पार्टी और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आमने सामने अपनी-अपनी पार्टियों के समर्थन में प्रदर्शन किया। स्मरणीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरूक्षेत्र में आप नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में आप वर्करों ने भाजपा के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पानीपत शहर में आम आदमी पार्टी के नेता बीजेपी ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी बीच कार्यालय के भीतर से बीजेपी के समर्थक भी बाहर आ गए। इसके बाद दोनों ओर से नारेबाजी शुरू की गई। मोदी और केजरीवाल मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।




**पानीपत।** भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए आप नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमिं

### तनातनी के बीच मौके पर मौजूद पुलिस ने व्यवस्था को संभाला

इस तनातनी के बीच मौके पर मौजूद पुलिस ने व्यवस्था को संभाला। अपना प्रदर्शन करने के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता वहां से चले गए। वहीं आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सह सचिव सुखवीर सिंह मालिक के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया। मलिक के अलावा अनेकों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान हेलमेट पहने रखा। इधर, मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा पूरा भारत देख रहा है कि भाजपा देश में किस प्रकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**पानीपत।** मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी जुलाई 2021 को सचिन गोयल निवासी गांधी मंडी, खन्ना रोड, कृष्णपुरा, पानीपत के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि पति सचिन गोयल व उसके परिजनों ने दहेज के लिए उसे तंग किया और मारपीट कर बच्चे समेत घर से निकाल दिया। इधर, थाना मतलौडा पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर केस दर्ज

**पानीपत।** चांदनीबाग थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से 17 साल की उत्तर प्रदेश प्रवासी नाबालिग लड़की को दिलशाद पुत्र निजामुद्दीन निवासी उझा रोड, पानीपत शादी का झांसा देकर बहला-फुसला कर भगा ले गया। लड़की के पिता ने ट्रैप लगाकर दो घंटों के भीतर ही दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने दिलशाद के खिलाफ बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज किया है।

**कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज (पानीपत)।** पानीपत के गांव शाहपुर निवासी सुमेर पर हमले के सात माह बाद इसराना थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। सुमेर पर गत वर्ष 20 अगस्त पड़ोसियों ने रंजिशन चाकू-लाठियों से हमला किया था। पीड़ित ने थाना प्रभारी, एसपी, सीएम विंडो पर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। आखिर में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेशों पर दिनेश, नवीन, मनजीत, संतोष, सोनिया पर आईपीसी की धारा 148, 149, 323, 325, 341, 308 व 506 के तहत केस दर्ज हुआ है।

## खबर संक्षेप

### हथियार रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी अमन को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है । जो कालाअंब से अंबाला चौक की तरफ आएगा। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

### नकदी व जेवर लेकर चोर फरार, चोरी का केस दर्ज

**अंबाला।** बंद पड़े मकान से चोर नकदी के साथ कीमती सामान चोरी कर ले गए। शातिर चोरों ने घर में रखे गहनों पर भी हाथ साफ किया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना अंबाला छावनी के जोगी मंडी कच्चा बाजार की है। परिवार के सदस्य होली खेलने के लिए मिल के पीछे गए थे। हाउसिंग बोर्ड चौकी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जोगी मंडी के अर्पण ने बताया कि वह होली खेलने गए हुए थे। मंगलवार को घर लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।

### तीन आरोपियों को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत, विक्रम कुमार उर्फ सोनी व आरोपी राकेश को शामिल जांच किया है। जोगी मंडी के दीपक कुमार ने 7 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अपहरण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज किशोरी से अपहरण व दुर्व्यवहार के मामले में 2 पुलिस ने आरोपी सन्नी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के पिता ने 20 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी पुत्री बिना किसी को सूचित किए घर से कहीं चली गई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## कुरुक्षेत्र में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप ने भाजपा ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन

**जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** भाजपा ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई जिलाध्यक्ष करणवीर सिंह लौट ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर राजेश सहोता, दिलबाग सिंह, गुरविंदर कौड़ा, वरिंदर कपूर, तेजिंदर सिंह, मोहित धीमान समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा पूरा हिंदुस्तान देख रहा है कि भाजपा देश में किस प्रकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव करने गए तो पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की। जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में आम आदमी पार्टी के 55 कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने बीजेपी के इशारे पर कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं और नेताओं के सिर पर जानलेवा वार किए। किसी का पैर तोड़ दिया तो किसी के हाथ में फ्रेक्चर कर दिया।इसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बुलेट सवार युवक ने छूरी से किया हमला जख्मी को अस्पताल में करवाया भर्ती

■ पुलिस ने हमलावर समेत कई आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

होली के दिन युवक को बाइक कम स्पीड में चलाने की नसीहत देनी एक युवक को भारी पड़ गई। बुलेट सवार ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला युवक की धुनाई कर दी। उस पर छुरी से भी हमला कर दिया। युवक के शरीर पर 5 जगह चोटें आई हैं। उसे अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अंबाला कैंट थाने में हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। कैंट की वाल्मीकि बस्ती के गौतम ने बताया कि वह होली के दिन दोपहर बाद 3 बजे नमस्ते चौक पर ऑटो के पास खड़ा था। इसी बीच नमस्ते चौक की तरफ से कच्चा बाजार निवासी अभिषेक उर्फ अभि बुलेट से तेज स्पीड में आ रहा था। उसने बाइक को आराम से चलाने की नसीहत दी थी। आरोपी उसे गालियां देने लगा। देखते ही देखते बाइक पर उसके अन्य दोस्त भी आ गए और उसे मारना-पिटना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि अभिषेक ने अपनी जेब से छुरी निकाली और उसकी दाईं टांग पर वार कर दिया। उसके साथियों ने थप्पड़-मुक्के मारे। उसकी टांग से काफी खून बहने लगा।

## चुनावी रंजिश को लेकर भिड़े दो गुट, सरपंच का भाई हमले में जख्मी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** होली के दिन रंजिश को लेकर थंबड़ गांव के सरपंच के भाई पर गांव के कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। सरपंच के भाई को मुलाना मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव थंबड़ के अशोक कुमार ने बताया कि वह सोमवार शाम साढ़े 4 बजे अपनी गाड़ी से वापस घर लौट रहा था। वह गांव में इंद्रपाल राणा के घर के पास पहुंचा। यहां पहले से कुछ लोग लाठी-डंडे लिए खड़े थे। जब वह अपनी कार से वहां से गुजारने लगा तो पम्मी ने उसकी गाड़ी को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने अपनी गाड़ी को रोका नहीं। इसी दौरान उसने अपने भाई सरपंच रोहताश को फोन किया। तब उसका भाई शाहाबाद था। इसी बीच आरोपी पम्पी और अर्जुन सिंह ने उसकी गाड़ी के आगे बाइक अड़ा रोक लिया। यहां पम्पी, अर्जुन, संजु, मोहित, ईश्वर सिंह उर्फ आसू, मांगा व मनोज ने मारना-पिटना शुरू कर दिया। पम्पी ने उसे कार से बाहर निकाला।

## डायल 1950 से चेक होगी वोट, मतदाता सूची में नाम होने पर ही मिलेगा वोटिंग का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा है कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

## गदौली में महिला को मतदान के लिए किया जागरूक

■ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को मतदान की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**अंबाला।** महिला चौपाल के दौरान महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

गांव अंबली तथा गदौली में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें गांव की 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी लड़कियां और महिलाओं ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से सुपरवाइजर अनु धीमान द्वारा और चुनाव कार्यालय से नीलम द्वारा लड़कियों और महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। दोनों गांवों में महिलाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया ताकि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा अपनी वोट डाले।

युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया ताकि वह अपनी वोट का सही से इस्तेमाल कर सके, कोई भी नगरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष या इससे ज्यादा हो मतदान करने के लिए अपना वोट बनवा सकते हैं।

चुनाव कार्यालय से नीलम द्वारा मतदाताओं को मतदाता हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर-1950 तथा मतदाता हेल्पलाइन मोबाइल एप्लिकेशन और राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (एनवीएसपी) का उपयोग करने के बारे में बताया।

उन्होंने मतदाताओं को चुनाव आयोग के सी-विजल एप के बारे में भी जानकारी दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की इंचार्ज बीके हरदीप व अन्य बहनों ने नशे के प्रति जागरूक किया और नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों एवं स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विभिन्न गांवों में लोकसभा चुनाव के लिए एसडीएम यश जालुका के दिशा निर्देशानुसार व स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिला चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता केंद्र से अनुराधा द्वारा डिजिटल फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। महिला चौपाल में मतदान पर मेहंदी और स्लोगन प्रतियोगिता भी करवाई गई। मेहंदी और स्लोगन प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मतदान करने के लिए उपस्थित महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई।

## हादसे में राजमिस्त्री की दर्दनाक की मौत

**अंबाला।** काम से घर जा रहे राजमिस्त्रियों की नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों को चोटें आई। गंभीर रुप से जख्मी हुए एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव धमौली के शमशेर सिंह के रूप में हुई है। हादसा शहजादपुर मिल के पास हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आरोपी मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव बिचली धमौली के सोमनाथ ने बताया कि वह मकान का लेंटर बांधने का काम करता है। वह सोमवार को गांव जंगू माजरा में अपने गांव के शमशेर सिंह के साथ लेंटर बांधने के लिए गए थे। दोपहर 12 बजे अपना काम खत्म किया। खाना खाने के बाद वापस घर के लिए चले थे। सोमनाथ ने बताया कि बाइक शमशेर सिंह चला रहा था। वह पीछे बैठा था। वे दोनों शुगर मिल बनौदी के पास पहुंचे। इस बीच, शहजादपुर की तरफ से नशे में धुत एक व्यक्ति तेज रफ्तार में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वे दोनों उछलकर सड़क के बीच में जा गिरे। हादसे में उन्हें काफी चोटें आईं।

## साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** निकाली गई शोभायात्रा के दौरान बाबा की पालकी उठाए समिति के सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सांई मंदिर में दसवां स्थापना दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। सांई धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में मंगलवार की सुबह 11 बजे शहर में बाबा की भव्य पालकी एवं शोभायात्रा निकाली गई।

इसमें काफी संख्या में श्रद्धांलुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का शहर में लोगों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को जलपान भी करवाया। सांई मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में विशेष बात यह रही कि बाबा की पालकी को हर भक्त अपने कांधे पर उठाने के लिए उत्सुक नजर आया। यह शोभायात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर स्थानीय सुभाष चौक, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, खालसा चौक व अग्रसेन चौक से होती हुई वापिस सांई मंदिर पहुंची। समिति के प्रधान मनीष मित्तल ने बताया कि 27 मार्च को सुबह 5.30 बजे सांई बाबा की काकड़ आरती एवं मंगल स्नान शिरड़ी सांई मंदिर, महाराष्ट्र के सेवानिवृत मुख्य पुजारी सुलाखे गुरूजी द्वारा करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि काकड़ आरती में जो भी भक्त शामिल होंगे उन्हें अपने हाथों से बाबा को मंगल स्नान करवाने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। बुधवार 27 मार्च दोपहर 12 बजे मध्याहन आरती भी सुलाखे गुरूजी द्वारा संपन्न करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त शाम 7 बजे से मंदिर के समीप ग्राउंड में बाबा का अटूट लंगर शुरू होगा। रात्रि 9 बजे से विशाल सांई भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें सूफी गायक कंवर ग्रेवाल सांई बाबा का गुणगान करेंगे।

### कृष्णा अस्पताल में सीएम फ्लाइंग की रेड

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खंगाल रहे रिकॉर्ड

■ किसी ने अस्पताल में गैरकानूनी कारोबार होने की सूचना दी

**अंबाला।** अंबाला शहर के नारायणगढ़ रोड स्थित श्री कृष्णा अस्पताल पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक साथ रेड की। रेड के दौरान जांच टीम कई घंटे से अस्पताल का पूरा रिकॉर्ड खंगाल रही है। जांच टीम ने रेड के दौरान अस्पताल के सभी दरवाजों को अंदर से बंद कर दिया गया है। किसी को भी न तो अंदर जाने दिया गया न ही बाहर आने दिया गया। इसी वजह से अस्पताल के अंदर कई मरीज फंस गए। बाद में सभी को बाहर निकाला गया। रेड की असल वजह सामने नहीं आई है। पता चला है कि किसी ने अस्पताल में गैरकानूनी कारोबार होने की सूचना दी थी। इसी आधार पर स्वास्थ्य विभाग के साथ सीएम फ्लाइंग के अधिकारी अस्पताल पहुंचे थे। अभी तक जांच टीम की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

स्थानीय पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया है। जांच के बाद ही टीम ने कार्रवाई की बात कह रही है। रेड के बाद मुख्य सड़क पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे। फिलहाल जांच टीम अस्पताल के रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है।

## गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी जोड़ती है अकाल पूरख के साथ

■ मोहल्ला पठाना वाला में मनाया गया होला मोहल्ला समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** होला मोहल्ला के अवसर पर लंगर में भोजन ग्रहण करते श्रद्धालु।

श्री गुरु नानक देव व धन धन बाबा श्री चंद की कृपा का सदका के मोहल्ला पठाना वाला में होला मोहल्ला समागम श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। श्री सुखमनी साहिब के भोग के उपरांत कीर्तन दरबार सजाए गए जिसमें रागी मलकीत सिंह, रणजीत सिंह ने कथा कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। रागी जत्थों ने बताया कि होला मोहल्ला दशवें पिता गुरु गोबिंद सिंह की देन है। इसका महत्व लोगों में प्रेम की भावना व वीरता को बढ़ाना है। उनका कहना था कि गुरु गोबिंद सिंह ने आनंदपुर से होला मोहल्ला की शुरुआत की थी। फरिंद्र पाल ने गुरु साहिब जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर अमृत की दात प्राप्त करने की बात कही। सब सिखन को हुकुम है गुरु मानियों ग्रंथ। हमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी का हर समय जाप करना चाहिए। गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी हमें अकाल पुरख के साथ जोड़ती है। हमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी का जाप करके अपने जीवन को सफल करना चाहिए। उनका कहना था कि नाम का जाप करने से जीवन के सब दुख दर्द दूर होते हैं और सुखों की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर सुरजीत मक्कड़, सुरजीत सिंह कपूर, राजा भाटिया, पूर्ण सिंह, बलविंदर भाटिया, हरभजन सिंह, जसबीर सिंह खुराना, सुरिंदर चंडोक, हरभजन कपूर, भगत सिंह, गुरजंट सिंह, पृथ्वी सिंह, राजेश बजाज, जगजीत सिंह, सोनू आदि मौजूद थे।

## ऑटो चालकों पर मनमाना किराया वसूलने का आरोप, एसडीएम को बुजुर्ग ने की शिकायत



**मुलाना।** एमएम अस्पताल जा रहे ऑटोचालकों द्वारा वसूले जा रहे किराए को अत्यधिक बताते हुए शेरपुर सुलखनी के साधा सिंह ने एसडीएम को लिखित शिकायत दी है। साधा सिंह ने बताया कि मुलाना से एमएम अस्पताल जाने वाले ऑटो चालक प्रति सवारी 20 रूपये किराया वसूल रहे है। जबकि मुलाना से अस्पताल की दूरी केवल 2 किलो मीटर है। ऐसे में यह किराया बहुत ज्यादा है। साधा सिंह ने बताया कि पिछले दिनों उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर उसे एमएम अस्पताल दाखिल कराया था। तब जब ऑटो से कुछ चक्कर मुलाना के लगाने पड़े तो उन्हें इस 20 रूपये प्रति सवारी के किराये बारे में पता चला। साधा ने इसकी शिकायत एसडीएम को सौंप पर ऑटो चालकों द्वारा मन चाहा किराया वसूले जाने पर रोक लगाने की अपील की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**निशाना** ईडी-आईटी व सीबीआई का निजी फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है मोदी सरकार: सैलजा

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

■ देश के सरकारी तंत्र की सभी चाबियां भाजपा के हाथ में, पार्टी नेताओं को चुनाव के लिए मैदान में उतरने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पार्टी नेताओं से बातचीत करते पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जीत के लिए मैदान में उतरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी हाईकमान की ओर से राज्य की सभी दस लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा। इस दौरान सैलजा ने केंद्र व राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। सैलजा मंगलवार को यमुनानगर जाते समय अंबाला में पार्टी नेताओं के साथ मुलाकात कर रही थी। उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश बन चुका है जहां सरकारी तंत्र की चाबियां भाजपा के हाथ में हैं। यहां ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने इन संस्थाओं का इस्तेमाल प्राइवेट कंपनियों से वसूली के लिए किया है। योजनाबद्ध तरीके से किया गया यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आइए हम इस भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हों।

पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सैलजा ने कहा कि अंबाला में जल्द ही पार्टी की ओर से उम्मीदवार घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी हाईकमान उन्हें अंबाला से मैदान में उतारता है तो निसंदेह वे पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेंगी। सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए जो भी पार्टी हमारा साथ देगी उनको कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत साथ लेकर चलेगी। भाजपा इलेक्टोरल बोंड से 8252 करोड रुपए वसूल रही थी और देश की खुशियां उजड़ रही थी। धंधा बचाए रखने के लिए अंबानी की सिस्टर कंपनी ने 33 करोड़ का मुनाफा कमाकर भाजपा को 375 करोड़ चंदा दिया। इसी प्रकार केवेंटर फूड पार्क ने भाजपा को 353 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भारती एयरटेल ने 100 करोड़ के घाटे के बावजूद भाजपा को 236 करोड़ रुपए का चंदा दिया। उन्होंने कहा कि यह सब दर्शाता है कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके कमाई कर रही है। जो कोई कंपनी भाजपा को मोटा चंदा नहीं देती है, उसके खिलाफ एजेंसियों से रेड करवाई जाती है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है जिसमें जनता का सहयोग जरूरी है।